प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा 'वंदे गंगा' जल संरक्षण–जन अभियान से विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा होगा।
- केंद्र सरकार ने नशा मुक्त भारत–2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन शुरू की।
- राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस–2024 मुख्य परीक्षा का आयोजन 17 और 18 जून को।
- प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन पर व्यापक असर।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि 'वंदे गंगा' जल संरक्षण–जन अभियान के माध्यम से प्रदेश के गांव मजबूत होंगे, जिससे विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आमजन अपने साधन और संकल्प के साथ इस अभियान से जुड़ रहे हैं और प्रदेश को जल स्रोतों से परिपूर्ण और हरा भरा बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वे कल ब्यावर के जवाजा में 'वंदे गंगा' जल संरक्षण–जन अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि जल और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

-----

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 30 करोड़ रुपये की लागत से देवाता फीडर की लाइनिंग और कवरिंग का शिलान्यास किया। इससे पहले श्री शर्मा ने जवाजा तालाब की पाल पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। साथ ही, उन्होंने परिसर में सिंदूर का पौधा लगाया। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कडी में झुंझुनूं जिले की काटली नदी के पुनर्जीवन को लेकर योजना बनाई जा रही है। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि इस दौरान आमजन और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से काटली नदी के बहाव क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पौधरोपण का कार्य भी प्रगति पर है।

-----

भरतपुर में अभियान के तहत किला स्थित बांके बिहारी मंदिर परिक्रमा मार्ग में साफ सफाई की गई। लोगों ने पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए और जल स्रोतों तथा तलाईयों की सफाई की।

0000

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कल बीकानेर के देशनोक रेलवे स्टेशन पर भगत की कोठी–जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन को ठहराव के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये ट्रेन पहली बार देशनोक रेलवे स्टेशन पर रूकी थी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे विकास की ओर अग्रसर है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का पुनर्विकास कराया जा रहा है । उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का इसके लिए आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि रेलवे ने जोधपुर मंडल में आने वाले देशनोक रेलवे स्टेशन पर करणी माता मंदिर के दर्शनार्थियों और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चार जोड़ी ट्रेनों का ठहराव शुरू किया है।

0000

केंद्र सरकार ने नशा मुक्त भारत–2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस 1933 शुरू की है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से आमजन ड्रग्स तस्करी संबंधी सूचना गुप्त रूप से साझा कर सकते हैं। साथ ही नशे के आदी व्यक्तियों के पुनर्वास और काउंसलिंग के लिए मार्गदर्शन भी ले सकते हैं।

इस प्लेटफार्म को देशभर की एंटी–नारकोटिक्स टास्क फोर्स से जोड़ा गया है, ताकि ड्रग्स तस्करी पर जल्द और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। यह हेल्पलाइन चौबीस घंटे सक्रिय रहेगी और सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। गृह विभाग के संयुक्त शासन सचिव महेन्द्र कुमार खींची ने प्रदेश के सभी विभागों को इस हेल्पलाइन का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने को कहा है। इसके तहत स्कूल, कॉलेज, पंचायत स्तर तक इस हेल्पलाइन की जानकारी पहुंचाई जाएगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस प्लेटफार्म का लाभ उठा सकें।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से राजस्थान राज्य और अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी मुख्य परीक्षा का आयोजन सत्रह और अठारह जून को किया जाएगा। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कुल एक हजार 96 पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे। जिसमें चार सौ अठाईस पद राज्य सेवाओं के और 668 पद अधीनस्थ सेवाओं के लिए हैं। गौरतलब है कि आरएएस प्री–परीक्षा 2024 का आयोजन दो फरवरी को किया गया था। जिसका परिणाम बीस फरवरी को जारी कर दिया गया था। इसमें ईक्कीस हजार 539 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए सफल घोषित किया गया था।

0000

वर्तमान और भविष्य के अंतरिक्ष अनुसंधानों में सहयोग के उद्देश्य से वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए एक्सियम स्पेस कंपनी के चौथे मिशन की रवानगी एक दिन के लिए स्थगित कर दी गयी है। खराब मौसम के कारण यह निर्णय लिया गया। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि अब एक्सियम–4 मिशन भारतीय समयानुसार कल शाम साढ़े पांच बजे केप कैनेवरल के कैनेडी स्पेस सेंटर से भेजा जाएगा। इस ऐतिहासिक मिशन में भारत के शुभांशु शुक्ला के अलावा अमरीका, पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री 14 दिन तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र में रहेंगे। चारों अंतरिक्ष यात्री इस दौरान 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे।

00000

पाली के राजकीय बांगड महाविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले कक्षा कक्षों को नया स्वरूप दिया जा रहा है। इसके तहत हर विभाग के कक्ष को शिक्षण समग्री से जुडे पोस्टरों से सजाया जा रहा है।

----

00000

प्रदेश में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हैं। लोग लू और तेज धूप से बचाव के उपाय करते नजर आ रहे है। ज्यादातर स्थानों पर तापमान 42 से 44 डिग्री सैल्सियस के बीच दर्ज हो रहा है। बीते 24 घंटों में सबसे अधिक 47 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड हुआ। बीकानेर में 46, बाडमेर में 45 दशमलव 9, चूरू में 45 दशमलव 6, कोटा में 45 डिग्री सैल्सियस तापमान मापा गया है। वहीं राजधानी जयपुर में पारा 43 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस पर पंहुच गया हैं।

मौसम विभाग ने राज्य के पश्चिमी क्षेत्रों में अगले एक सप्ताह के दौरान मौसम शुष्क रहने और हीटवेव जारी रहने की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में अगले दो–तीन दिन अधिकतम तापमान 47 से 48 डिग्री रहने और लू चलने की आशंका है। वहीं पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं हीटवेव और ऊष्ण रात्रि का दौर तीन–चार दिन जारी रहेगा।

00000

सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर दुर्ग स्थित जैन मंदिर के कर्मचारी की वन्यजीव हमले मे मृत्यु के बाद हालात तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। विभिन्न मांगों को लेकर मृतक के परिजन और ग्रामीण गणेश धाम पर धरना देकर बैठे हुए हैं। इसके चलते आज जंगल सफारी के दौरान प्रातःकालीन पारी में जोन नंबर 1से 5 के पर्यटकों को अन्य रूट पर डाइवर्ट किया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से समझाइश की जा रही है। मृतक के शव को सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया है।

0000

भारतीय सेना 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में स्मरण कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू करने के लिए तैयार है। 26 जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम में राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने वाले नायकों की अदम्य सेवा, बलिदान और साहस का सम्मान किया जाएगा। सेना के अनुसार इस वर्ष के कार्यक्रम में स्थानीय समुदायों को शामिल करने और युद्ध नायकों की यादों को सम्मानित करने और युद्ध के महत्वपूर्ण ऑपरेशन और कार्यक्रम का विशेष संगम देखने को मिलेगा। इस सप्ताह से शुरू होने वाले एक विशेष अभियान में

कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले युद्ध नायकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस अभियान में पांच सौ 45 परिजनों को उनके निवास स्थान पर सम्मानित किया जाएगा। हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। 1999 में इसी दिन भारत ने पाकिस्तानी घुसपैठियों से रणनीतिक ऊंचाइयों को फिर हासिल करते हुए ऑपरेशन विजय को सफलतापूर्वक पूरा किया था।

00000